गांवों का विद्युतीकरण

3928. **प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा**:

श्रीमती मालती शर्मा:

क्या विद्युत मंत्री 27 मई, 1998 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 10 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अब तक कितने गांवों में विद्युत उपलब्ध नहीं कराई गी है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि केन्द्र सरकार द्वारा गांवों के विद्युतीकरण के लिए राज्य सरकारों को राज-सहायता दी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो त्तसंबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम): (क) 31.3.98 की स्थिति के अनुसार वर्ष 1996 की जनगणना के आधार पर 587258 गांवों में से 85,398 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना है जैसे कि अनंतिम सूचनाएं उपलब्ध हैं। राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) और (ग) केंद्रीय सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाती है। आर.ई.सी. ग्रामीण विद्युतीकरण, पम्पसेटों के ऊर्जन, प्रणाली सुधार स्कीमों आदि के लिए राज्य बिजली बोर्डों को निधियां जुटाती हैं। पर दलित बस्तियों के ऊर्जन और जन-जातीय गांवों के विद्युतीकरण से संबंधित स्कीमों को भी प्राथमिकता प्रदान करती है। केन्द्रीय सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के माध्यम से कुटीर-ज्योति कार्यक्रम के लिए अनुदान सहायता प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के तहत संबंधित राज्य बिजली बोर्ड को गरीब ग्रामीण हेतु एकल प्वाइंट घरेलू कनैक्शन प्रदान करने के लिए 800 रुपये प्रति गैर-मीटरीकृत कनैक्शन और 1000 रुपये प्रति मीटरीकृत कनैक्शन की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है। मार्च, 1998 के अंत तक इस कार्यक्रम के तहत 28 लाख कनैक्शन प्रदान किए गए थे। वर्ष 1998-99 के लिए 4.45 लाख कनैक्शनों के लिए कुटीर-ज्योति कार्यक्रम हेतु 40 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

विवरण

मार्च, 1998 (अनंतिम) की स्थितिनुसार विद्युतीकरण हेतु शेष रह गए गांवों का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	कुल गांव (1991 की जनगणना के अनुसार)	31.3.98 चत उपलब्धियां (अनंतिम)	31.3.98 तक विद्युतीकरण हेतु शेष रह गए गांव
1.	आन्ध्र प्रदेश	26586	26586	-
2.	अरुणाचल प्रदेश	3649	2112	1537
3.	असम	24685	18999	5686
4.	बिहार	67513	47839	19674
5.	गोवा	360	360	-
6.	गुजरात	18028	17936	92
7.	हरियाणा	6759	6759	-
8.	हिमाचल प्रदेश	16997	16635	362
9.	जम्मु और कश्मीर	6477	6301	176
10.	कर्नाटक	27066	26446	620
11.	केरल	1384	1384	-
12.	मध्य प्रदेश	71526	67959	3667
13.	महाराष्ट्र	40412	40412	-
14.	मणिपुर	2182	1940	242
15.	मेघालय	5484	2494	2990

क्र.सं.	राज्य	कुल गांव (1991 की जनगणना के अनुसार)	31.3.98 चत उपलब्धियां (अनंतिम)	31.3.98 तक विद्युतीकरण हेतु शेष रह गए गांव
16.	मिजोरम	698	682	16
17.	नागालैंड	1216	1193	23
18.	उड़ीसा	46989	33685	13364
19.	पंजाब	12428	12428	-
20.	राजस्थान	37889	35252	2637
21.	सिक्किम	447	405	42
22	तमिलनाडु	15822	15822	-
23.	त्रिपुरा	855	803	52
24.	उत्तर प्रदेश	112803	87079	25724
25.	पश्चिम बंगाल	37910	29319	8591
	जोड़	586165	500770	85395
	संघ शासित क्षेत्र	1093	1090	3
	कुल जोड़	587258	501860	85398

टिप्पणी : (क) गुजरात के मामले में, 88 गांवों को अव्यवहार्य घोषित किया गया है।

(ख) कर्नाटक के मामले में शेष अव्यवहार्य है।

(ग) सिक्किम के मामले में, 42 वनीय गांव गैर-विद्युतीकृत हैं।

(घ) संघ शासित क्षेत्रों में शेष अव्यवहार्य हैं।

Joint Power Project with China

3929. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of POWER. be pleased to state:

(a) whether Government have made any request for Joint Power Project with China; and

(b) if so, the-details and action taken thereon?

THE MINISTER OF POWER (SHRI R. KUMARAMANGALAM): (a) and (b) No, Sir. However, a proposal has been received from M/s China National Coal Mining Engineering Equipment Group Corporation. China for setting up a mega power project of 1000-1500 MW capacity at Cuddalore, Tamil Nadu and coal based project at Tenughat.

त्रिपुरा, मणिपुर तथा मध्य प्रदेश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाया जाना

3930. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने यह वचन दिया है कि त्रिपुरा, मणिपुर तथा मध्य प्रदेश में विद्युत उत्पादन में वृद्धि की जायेगी;

(ख) यदि हां, तो क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्यों में विद्युत उत्पादन के लिए किए गए बजट आवंटन में भारी कमी की गई है? ;

(ग) यदि हां, तो क्या राज्यों में विद्युत उत्पादन में सुधार हेतु वर्तमान बजट में किया गया आवंटन पर्याप्त नहीं है;

(घ) क्या सरकार नौवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान आवंटन में वृद्धि करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है??